जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : 2199 दिनांक : 5.7.17

प्रति,

प्राचार्य / प्राचार्या,
जीविवि से संबंद्ध महाविद्यालय,
समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय,

विषयः <u>लंबित परीक्षा घोषित करवाने बावत्।</u>

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1977 दिनांक 22/06/2017 द्वारा प्रेषित कर आपसे निवेदन किया गया था कि, आप विगत परीक्षा एवं सत्रों के समस्त लंबित परीक्षा परिणाम दिनांक 28/06/2017 तक श्री अरूण चौहान, उप–कुलसचिव, गोपनीय से संपर्क कर घोषित करावे।

उक्त संदर्भ में आपकी ओर से न तो परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिये कोई प्रकरण भेजा गया और ना ही आपकी ओर से लंबित परीक्षा परिणाम के संदर्भ में कोई जानकारी विश्वविद्यालय में प्रस्तुत की गई है। आपके इस व्यवहार से प्रतीत होता है कि, विगत कोई परीक्षा परिणाम लंबित नहीं है। जबकि आपके महाविद्यालय से संबंधित कई छात्र–छात्रायें सी0एम0 हेल्प लाईन, सूचना का अधिकार, माननीय न्यायालय के माध्यम से परीक्षा परिणाम घोषित कराने हेतु संपर्क कर रहे हैं।

अतः माननीय प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के आंदेशों के अनुपालन में आपको निर्देशित किया जाता है कि, आप दिनांक 07/07/2017 तक निम्नांकित आशय का प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय की ओर प्रेषित करें – "प्रमाणित किया जाता है कि, महाविद्यालय से किसी भी छात्र / छात्रा को अनाधिकृत रूप से किसी भी परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया गया है एवं महाविद्यालय से विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित हुये समस्त छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, फार्म, आन्तरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक यथा समय विश्वविद्यालय की ओर प्रेषित कर दिये गये थे तथा विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित छात्र / छात्राओं की समस्त अंकसूचियॉं, जो विश्वविद्यालय से प्राप्त हुई थी, संबंधित छात्र / छात्राओं को वितरित कर दी गई है।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि, महाविद्यालय से विगत में किसी भी परीक्षा में सम्मिलित छात्र / छात्रा का कोई प्रकरण परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु लंबित नहीं है।"

आदेशानुसार
(हस्ताक्षर)
कुलसचिव

प्रतिलिपि,

1) माननीय प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर इस निवेदन के साथ कि उ0शि0वि0 की ओर से उचित निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
2) आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3) अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, क्षेत्रिय कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन।
4) कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5) कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

(हस्ताक्षर)
उप–कुलसचिव(परीक्षा)